ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 06.02.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- **नगर निगम, शाहजहाँपुर व लीड कान्वेंट के सहयोग से चौरी चौरा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में स्वच्छता जागरूकता महोत्सव एवं सम्मान समारोह –स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 मनाया गया।**

नगर निगम, शाहजहाँपुर व लीड कान्वेंट के सहयोग से चौरी चौरा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में स्वच्छता जागरूकता महोत्सव एवं सम्मान समारोह - स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री सुरेश कुमार खन्ना मा0 मंत्री वित्त, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन व विशिष्ट अतिथि श्री अरूण कुमार सागर मा0 सांसद शाहजहाँपुर, श्री सुरेन्द्र नाथ बाल्मीकी, अध्यक्ष राज्य सफाई कर्मचारी आयोग, श्री जे0पी0एस0 राठौर, अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक, जिलाधिकारी/प्रशासक श्री इंद्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0 सिंह, उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती व श्री अंगद गुप्ता, लीड कान्वेंट के प्रबंधक मोहम्मद जमाल व प्रधानाचार्या श्रीमती तराना जमाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम दीप प्रवज्जलन व गणेश वन्दना के साथ शुरू हुआ, तथा बच्चो ने अतिथियों का पुष्प देकर व टीका लगाकर स्वागत किया। जिसके पश्चात जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपने सम्बोधन में स्वच्छता के प्रति शहर वासियों को जागरूक किया तथा यह भी कहा कि स्वच्छता सिर्फ नगर निगम की ही जिम्मेदारी नही है बल्कि इसमें नागरिकों का सहयोग भी अपेक्षित है। इसमें पश्चात लीड कान्वेंट के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रैम्प शो के माध्यम से 5 R , से नो-टू-प्लास्टिक, निस्प्रयोज्य सामग्रियों से बने वस्त्रों, व डस्टबिन बनकर बहुत सुन्दर तरीके से स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्वच्छता गीत स्वच्छता की जोत जागी है, पर नृत्य का प्रदर्शन किया।

नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के लिये शहर वासियों को वोट फॉर योर सिटी मुहिम से जुड़ने की अपील की एवं वोट देने के विभिन्न विकल्पों यथा एप के माध्यम से, टोल फ्री नं0- 1969 पर काल करके, अथवा लिंक swachhsurvekshan2021.org पर अपना वोट दर्ज कर सकते हैं। श्री सुरेन्द्र नाथ बाल्मीकी, अध्यक्ष राज्य सफाई कर्मचारी आयोग द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि सफाई कर्मचारी अपने अथक प्रयासों से पूरे शहर को साफ करता है, परन्तु उसके सफाई करने के पश्चात नागरिकों द्वारा यदि पुनः कचरा फेंक दिया जाता है, तो स्वच्छ भारत मिशन को सफल नही बनाया जा सकता। मिशन को सफल बनाये जाने हेतु नागरिकों का सहयोग अति आवश्यक है। इसके पश्चात स्वच्छता मैश-अप व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लीड कान्वेंट के बच्चों द्वारा स्वच्छता के प्रति संदेश दिया कि किस प्रकार हम अपने शहर व खुद को स्वच्छ रख सकते है।

श्री अरूण कुमार सागर मा0 सांसद शाहजहाँपुर द्वारा नागरिकों से शहर की सफाई व्यवस्था में नगर निगम, शाहजहाँपुर का सहयोग करने की अपील की गई। इसके पश्चात लीड कान्वेंट के बच्चों द्वारा ''प्यार की गंगा बहे'' गीत के माध्यम से शानदार प्रस्तुति की गई।

मुख्य अतिथि श्री सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम के किये गये कार्यों की सराहना की तथा शहर वासियों से अवाहन किया, **पिछले वर्ष की भाँति इस वर्ष भी अधिक से अधिक संख्या में वोट करके सिटीजन फीडबैक में शहर को देश में सवोच्च स्थान दिलाने में सहयोग करें।**

नगर निगम द्वारा माह नवम्बर, दिसम्बर में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं तथा विभिन्न संस्थाओं में उत्कृष्ट स्थान पाने वालों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित भी किया गया। **पोस्टर प्रतियोगिता** में प्रथम स्थान दीपांशु, द्वितीय स्थान क्रमशः सिद्धार्थ सिंह लोधी (ओ0सी0एफ0 इंटर कालेज), फिजा (मदरसा नूर उल हुदा) तृतीय स्थान मुस्कान सक्सेना (जी0जी0आई0सी0), राज शर्मा (ओ0सी0एफ0 इंटर कालेज), स्लोगन राईटिंग में प्रथम स्थान आदर्श कुमार (ओ0सी0एफ0 इंटर कालेज), द्वितीय स्थान क्रमशः अमृता सागर (ओ0सी0एफ0 इंटर कालेज), रजनी, तृतीय स्थान एशवर्या मिश्रा। **नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता** में प्रथम स्थान अथर्व कलचर सोसायटी, द्वितीय स्थान लीड कान्वेंट, तृतीय स्थान समीक्षा संस्कृतिक मंच। **शार्ट वीडियो प्रतियोगिता** में प्रथम स्थान डा0 इरफान हूमन, द्वितीय स्थान लीड कान्वेंट, तृतीय स्थान अनुकृति नाट्य मंच। **जिंगल प्रतियोगिता** में प्रथम स्थान अंशिका यादव (लीड कान्वेंट), द्वितीय स्थान मोहम्मद उबय, तृतीय स्थान संदीप। **स्कूल एवं कालेज** में तक्षशिला पब्लिक स्कूल, स्थान स्वामी सुखदेवानन्द कालेज, स्थान आर्य महिला कालेज को सम्मानित किया गया। **मार्केट एसोसियेशन** में उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल (कंछल ग्रुप), राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मण्डल, उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल (मिश्रा ग्रुप) को सम्मानित किया गया। **चैम्पियन मैन** श्री सुदेश (आई0डी0सी0), श्री सौरभ शिवंकर (क्योर), श्री प्रेम पाल सिंह (लोक भारती), दाताराम (सफाई कर्मचारी) को सम्मानित किया गया। **चैम्पियन वूमैन श्रीमती** अल्पना श्रीवास्तव, सुश्री निकहत परवीन, सुश्री दपिन्दर कौर, सुश्री साक्षी सिरारी, श्रीमती पूनम मल्होत्रा को सम्मानित किया गया। **होटल कैटागरी में** ग्रैंड आर्क होटल, रायल पन्ना होटल, सत्यम होटल के प्रमुखों को सम्मानित किया गया। **हास्पिटल कैटागरी में** डा0 आकाश श्रीवास्तव-एच0सी0 मिमोरियल शाहजहाँपुर, डा0 राकेश दीक्षित- के0एल0 मिमोरियल, डा0 अभिषेक गुप्ता -संजीवनी हास्पिटल को सम्मानित किया गया। **मोहल्ला समिति** पं0 दीन दयाल उपाध्याय - श्री सुशील कुमार दुबे, पं0 राम प्रसाद बिस्मिल समिति-श्री ज्ञानेश चन्द्र मिश्रा को सम्मानित किया गया। **एन0जी0ओ0 कैटागरी में** हेल्पिंग हैंण्ड -प्रदीप मिश्रा, श्री बालाजी - अनिल कुमार सक्सेना, हरित वसुधरा सोसायटी - अभिषेक सक्सेना को सम्मानित किया गया। **आर0डब्लू0ए0 कैटागरी में** सिटी पार्क-किशन अग्रवाल, साउथ सिटी-विजय कुमरा, वृन्दावन गार्डन-रवि गोयल को को सम्मानित किया गया। **कार्यक्रम में मंच का संचालन डा0 इंदु अजनवी द्वारा किया गया।**

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।